समाचार

# 03 जून को वार्ड क्र. 03, 12, 23, 36, 42, 50, 56, 63 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 02 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 03 जून गुरूवार को वार्ड क्र. 03, 12, 23, 36, 42, 50, 56, 63 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1077 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 50750 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 03 जून गुरूवार को वार्ड क्र. 03 राताखार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 12 शारदा विहार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 36 परसाभांठा स्कूल के पास, वार्ड क्र. 42 रूमगरा स्कूल के सामने, वार्ड क्र. 50 नवधा चौक अयोध्यापुरी, वार्ड क्र. 56 पंखादफाई सामुदायिक भवन एवं वार्ड क्र. 63 भीमसेनिहा मंदिर सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।